हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 30 मार्च 2024

06 चलते कंटेनर से 15 ट्रॉली बेग चुरा ले गए बदमाश



07 भाई दूज पर बहनों ने किया तिलक





**लोक सभा क्षेत्र**

सतना

1 भाजपा प्रत्याशी

गणेश सिंह

2 कांग्रेस प्रत्याशी

सिद्धार्थ कुशवाहा

**पिछली बार कौन जीता**

गणेश सिंह

**जीत का अंतर**

2 लाख 31 हजार, 473

## क्या रहेंगे मुद्दे?

सतना ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां राष्ट्रीय के साथ प्रादेशिक और स्थानीय मुद्दे भी चुनाव में असर डालते हैं। भाजपा यहां मोदी लहर पर सवार है, लेकिन सांसद गणेश सिंह से नाराजगी भी मुद्दा है। व्यक्तिगत नाराजगी के कारण ही वे विधानसभा का चुनाव हार गए। सतना में जातीय समीकरण भी मुद्दों की तरह काम करते हैं। कई समाजों की दूसरे समाजों से नहीं बनती। इसकी वजह से एक समाज एक जगह जाता है तो प्रतिद्वंद्वी समाज दूसरे दल की ओर रुख कर लेता है। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार के कामों के बूते वोट मांगेगी और कांग्रेस उनकी नाकामियां गिनाएगी। कांग्रेस की अपनी गारंटियां भी चुनाव का मुद्दा हैं।

### गणेश-सिद्धार्थ आमने-सामने, नारायण बिगाड़ेंगे खेल, एक बार त्रिकोणीय मुकाबले में बाजी मार चुकी है बसपा

# विंध्य की सतना सीट पर तीन महाबलियों में मुकाबला

*विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट में त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। अंचल के तीन महाबली भाजपा के गणेश सिंह, कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा और बसपा से नारायण त्रिपाठी मैदान में उतर चुके हैं। सिद्धार्थ विधानसभा चुनाव में गणेश को पराजित कर चुके हैं। अब दोनों लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने हैं। बसपा में हाल में शामिल पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी भी कम नहीं हैं। वे दोनों का खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। इसीलिए अभी से यह कहना कठिन है कि पलड़ा किसका भारी है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट के लिए 1996 में हुआ चुनाव भुलाया नहीं जा सकता। तब प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा भाजपा से और अर्जुन सिंह तिवारी कांग्रेस से मैदान में थे। बसपा ने यहां से सुखलाल कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया था। चुनाव यादगार इसलिए है क्योंकि सुखलाल दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हरा कर बाजी मार ले गए थे। सतना में एक बार फिर इसी तरह के मुकाबले के आसार हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद अपने सांसद गणेश सिंह पर फिर भरोसा किया है और कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हरा कर विधायक बने सिद्धार्थ को ही उनके मुकाबले खड़ा किया है। बता दें कि सिद्धार्थ 1996 में अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हराने वाले सुखलाल कुशवाहा के ही बेटे हैं। बसपा की ओर से मैदान में हैं मैहर क्षेत्र से 4 बार विधायक रहे नारायण त्रिपाठी। क्षेत्र में ब्राह्मणों की तादाद सर्वाधिक लगभग साढ़े 5 लाख है। बसपा का अपना वोट बैंक है ही। इनकी दम पर नारायण भी जीत की उम्मीद कर रहे हैं। इसी आधार पर सतना में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। सतना विधानसभा चुनाव में पराजय से साफ है कि गणेश सिंह से लोग प्रसन्न नहीं हैं। गणेश सिंह मोदी लहर के भरोसे जीतने का दावा करते हैं, लेकिन लोगों की नाराजगी को काबू में करना उनके लिए बड़ी चुनौती है। कांग्रेस के सिद्धार्थ लगातार चौथा चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा के दो चुनाव वे जीत चुके हैं। गांव- गांव फैला कुशवाहा समाज का वोट उनकी ताकत है। बसपा के नारायण दल बदल में अव्वल हैं। ब्राह्मण समाज में पकड़ उनकी ताकत बन सकती है।



गणेश सिंह



सिद्धार्थ कुशवाहा



नारायण त्रिपाठी

## विधानसभा के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी

विधानसभा चुनाव में मिली सीटें और वोटों के लिहाज से सतना में भाजपा का पलड़ा भारी है। क्षेत्र की दो सीटों सतना और अमरपाटन में ही कांग्रेस का कब्जा है जबकि शेष पांच सीटें भाजपा के पास हैं। कांग्रेस से खुद सिद्धार्थ सतना से विधायक हैं और दूसरे अमरपाटन से पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र कुमार सिंह। कांग्रेस का दोनों सीटों में जीत का अंतर 10 हजार 531 वोटों का ही रहा, जबकि भाजपा ने पांचों सीटें 1 लाख, 4 हजार 74 वोटों के अंतर से जीती हैं। इस तरह भाजपा को विधानसभा चुनाव में ही लगभग 95 हजार वोटों की बढ़त हासिल है। सतना भाजपा के गढ़ के रूप में भी तब्दील है। 1998, 1999 के दो चुनाव रामानंद सिंह जीते और चार बार से गणेश सिंह सांसद हैं।

## सतना जिले को मिला कर बनी लोस सीट

सतना लोकसभा सीट में कोई मिलावट नहीं है। जिले की सभी सात विधानसभा सीटें इसके तहत आती हैं। ये सीटे हैं चित्रकूट, रैगांव, सतना, नागौद, मैहर, अमरपाटन और रामपुर बघेलान। कोई दूसरा जिला इसमें शामिल नहीं है। क्षेत्र में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और अमरपाटन से विधायक राजेंद्र सिंह भी ताकतवर हैं। अजय सिंह 2014 में यहां से चुनाव लड़ चुके हैं और लगभग 8 हजार वोटों के अंतर से ही हारे थे। उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री स्व अर्जुन सिंह भी यहां से सांसद रहे हैं। इस नाते उनके समर्थकों की अच्छी खासी तादाद क्षेत्र में है। यदि सिद्धार्थ को अजय सिंह और राजेंद्र कुमार सिंह का साथ मिल जाए तो वे कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

## ब्राह्मण ज्यादा, पिछड़ा वर्ग भी कम नहीं

सतना लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा लगभग साढ़े 5 लाख के आसपास है। यह वर्ग गणेश सिंह से नाराज बताया जाता है। इसका लाभ बसपा के नारायण त्रिपाठी को मिल सकता है। दलितों का एक हिस्सा बसपा को वोट देता ही है। दूसरे नंबर पर लगभग डेढ़ -डेढ़ लाख पटेल और कुशवाहा समाज के मतदाता हैं। इनका क्रमशः भाजपा के गणेश और कांग्रेस के सिद्धार्थ के पास जाना तय है। इनके अलावा पिछड़े वर्ग की अन्य जातियां भी काफी तादाद में हैं। इनका भाजपा और कांग्रेस के बीच बंटवारा हो सकता है।

### नलखेड़ा क्षेत्र के दो खरीदी केन्द्रों का भी किया निरीक्षण, संस्था प्रबंधकों से जानकारी ली

# कलेक्टर ने जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर एफएक्यू गेहूं खरीदने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने गुरुवार को जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर रबी विपणन वर्ष-2024-25 अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर कृषकों से किए जा रहे गेहूं उपार्जन का जायजा लिया। उन्होंने उपार्जन केन्द्र श्री श्याम वेयर हाउस सुईगांव नलखेड़ा, पाटीदार वेयरहाउस पचलाना एवं पाटीदार वेयर हाउस सामगीमाना का निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर अब तक की गई खरीदी की संस्था प्रबंधकों से जानकारी ली।

कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों पर सर्वेयर एवं संस्था प्रबंधकों को एफएक्यू गेहूं खरीदने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन गेहूं खरीदी का डाटा ऑनलाईन दर्ज करें, जिससे किसानों को समय पर भुगतान हो सकें। खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, छांव एवं बैठक व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषकों को खरीदी केन्द्रों पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए केन्द्रों पर खरीदी संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाए, आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त तौल कांटे लगाकर उपज का तौल करें। कलेक्टर ने उपस्थित कृषकों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुनकर अधिकारियों से निराकरण करवाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, तहसीलदार प्रीति भिंसे, जिला आपूर्ति अधिकारी जीएल बोरसिया, उपायुक्त सहकारिता एनएस भाटी, जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन अशोक कुमार शर्मा उपस्थित रहे।



## अपर मुख्य सचिव ने जिले के उपार्जन केंद्रों का किया भ्रमण

**नलखेड़ा।** अपर मुख्य सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग श्रीमती स्मिता भारद्वाज द्वारा शुक्रवार को आगर जिले का भ्रमण किया गया। अपर मुख्य सचिव भारद्वाज ने सर्वप्रथम मां बगलामुखी पीतांबरा पीठ नलखेड़ा पहुंचकर दर्शन किए गए। तत्पश्चात सुईगांव स्थित उपार्जन केंद्र व श्री श्याम वेयर हाउस का निरीक्षण कर उपस्थित किसानों से चर्चा की गई। किसानों को समझाईश दी कि गेहूं साफ-सफाई कर केंद्र पर लाए एवं शत-प्रतिशत गेहूं का छलना लगवाएं। साथ ही संस्था प्रमुख को निर्देश दिए कि एफएक्यू गेंहू खरीदने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों की बेचे गए गेहूं की राशि के भुगतान करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। साथ ही गेहूं खरीदी का कार्य कर रही स्वयं सहायता समूह मां बिजासन स्वयं सहायता समूह की उपस्थित महिलाओं से चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिव श्रीमती भारद्वाज ने गवलीपुरा आगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का आकस्मिक निरीक्षण कर उचित मूल्य दुकान पर आवश्यक निर्धारित बोर्ड, स्टॉक रजिस्टर एवं स्टॉक में पाए गए गेहूं एवं चावल की क्वालिटी का परीक्षण किया। साथ ही दुकान पर उपस्थित उपभोक्ताओं से राशन प्राप्त होने संबंधित फीडबैक लिया गया। उक्त भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सुसनेर मिलिंद ढोके, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, श्रीमती प्रीति भिसे तहसीलदार नलखेड़ा, जिला उपार्जन समिति के सदस्य जी एल बोरसीया जिला आपूर्ति अधिकारी, अशोक शर्मा शाखा प्रबंधक वेयरहाउस कॉरपोरेशन महेश चौधरी जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, एनएस भाटी उपायुक्त सहकारिता, एनएस मुवेल, आनंद चंगोड कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, राजस्व निरीक्षक नलखेड़ा विक्रमसिंह उईके आदि उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

शुक्रवार को वीपी त्रिवेदी एचएम, एमएस नन्याखेड़ी शीला शर्मा एमएस चानदंगांव ने अपनी सेवा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होने पर संकुल स्तरीय विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि ओम प्रकाश तोमर प्राचार्य हाई स्कूल चांदनगांव, विशेष अतिथि ब्रजेश तिवारी, प्राचार्य हाई स्कूल पालड़ा, अरुण कुमार शर्मा प्राचार्य हाई स्कूल सुतडा थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल शास उमावि कानड़ के प्रभारी प्राचार्य आशीष विश्वकर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन कालूसीह मालवीय व सतीश सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों ने सेवा निवृत त्रिवेदी व श्रीमति शीला शर्मा का शाल ओढ़ाकर व सरोफा बांध कर, हार पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान त्रिवेदी के जीवन पर प्रभावी संबोधन दिया तथा प्राचार्य तोमर ने त्रिवेदी व श्रीमति शर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में त्रिवेदी व श्रीमति शर्मा को एम एस नान्यखेड़ी की और से लालसिंह राजपूत, जनशिक्षक द्वय सतीश सोनी,राधेश्याम वर्मा, व अजय कुमार व्यास द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। क्रार्यक्रम के दौरान सहभोज का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बाद बैंडबाजे के साथ त्रिवेदी को जुलूस निकालते हुए नाचते गाते घर तक छोड़ा गया। कार्यक्रम के अंत में आभार लाल सिंह राजपूत ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में संकुल के सभी साथी उपस्थित रहे।

### पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया

# वृद्धाश्रम में मनाया बेटे रुशांक का जन्मदिन

**कानड़।** उप तहसील कानड़ में पदस्थ नायब तहसीलदार पुलकित जैन ने पुत्र रुशांक के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए गुफा बर्डा आगर स्थित मंदिर के समीप परिक्षेत्र में पौधरोपण किया। जिसमें मुख्य रूप से आम, नीम, शमी, गुलमोहर, चीकू के पौधे रोपित कर समाज में पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया। वहीं पटवारी शुभम शर्मा ने भी अपने पिता की स्मृति में पौधरोपण किया तथा पौधे को सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाया गया तथा सभी पौधे को बड़ा करने का संकल्प लिया गया। इसके बाद श्रीमती जैन द्वारा परिवार सहित वृद्धाश्रम जाकर वहां निवासरत वृद्धजनों को भोजन कराया व उनके साथ ही भोजन किया। वृद्धआश्रम संचालक कनीराम यादव को नायब तहसीलदार पुलकित जैन द्वारा आश्वस्त किया गया कि आश्रम में लगने वाली किसी प्रकार की आवश्यकता या अन्य सामग्री की जरूरत होने पर वह उन्हें बताएं वह पूर्ण प्रयास करेंगे की आश्रम में पूर्ण रूप से सहयोग किया जा सके।






### परमात्मा का अभिषेक कर जीव दया के कार्य किए

# आचार्यश्री नवरत्नसागर सुरीश्वर महाराज के 81वें जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



मालव भूषण आचार्य देव श्री नवरत्नसागर सुरीश्वर महाराज के 81वे जन्मोत्सव जैन समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं परोपकारी गतिविधियों के साथ मनाया गया। जिन मंदिर में मूल नायक चंदा प्रभु भगवान का अभिषेक भक्तामर पाठ के साथ भक्ति भाव से नवरत्न परिवार सदस्यों द्वारा किया गया। वहीं जीव दया के तहत गायों को चारा खिलाया गया।

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज एवं नवरत्न परिवार द्वारा जन-जन की आस्था एवं श्रद्धा के केंद्र, तप सम्राट भोपावर तीर्थोंद्वारक, जीरावाला तीर्थ मार्गदर्शक, वचन सिद्ध महापुरूष मालव भूषण आचार्य देव श्री नवरत्नसागर सुरीश्वरजी महाराजा के 81वां जन्मोत्सव पर नगर में सामूहिक आयंबिल तप तपस्या का कार्यक्रम रखा गया जिसमें 28 आराधकों द्वारा आयंबिल तप किया गया। नवरत्न परिवार के सदस्य और आयंबिल के तपस्वियों द्वारा गुरूदेव के फोटो पर माल्यार्पण और दीप धूप और वंदन किया गया। फिर सभी आयंबिल तपस्वियों को आयंबिल कराया गया। परम गुरु भक्त नवरत्न परिवार मध्य प्रदेश के प्रबधंक राजेश कांठेड़ परिवार और दिलीपकुमार सकलेचा परिवार द्वारा बहुमान किया गया। साथ ही वैयावच की सभी श्राविका का बहुमान कांठेड़ परिवार द्वारा किया गया। सभी आराधको और नवरत्न परिवार के सदस्यों और जैन श्वे.मूर्ति पूजक श्रीसंघ द्वारा गायों को घास और रोटी की जीव दया की गई। नवरत्न परिवार शाखा नलखेड़ा के अध्यक्ष राहुल कांठेड़,राकेश दुग्गड़, रवि सकलेचा ने बताया कि गुरुदेव के जन्मोत्सव पर आचार्य भगवंत श्री विश्वरत्न सागर सुरीश्वर की पावन प्रेरणा से नवरत्न परिवार द्वारा जीव दया के कार्य अंतर्गत गौशाला तथा नगर में विचरण करने वाली गायों को घास के साथ नगर के अनेक स्थानों पर पक्षियों को गर्मी के दिनों में पानी के लिए मिट्टी के सकोरे लगाए। इसी के साथ जीव दया के अन्य कार्य भी नवरत्न परिवार सदस्यों द्वारा नगर में किए गए।





## रंग पंचमी पर श्रीराधा कृष्ण फाग यात्रा का होगा आयोजन

**नलखेड़ा।** रंग पंचमी पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा श्रीराधा कृष्ण फाग उत्सव अंतर्गत फाग यात्रा नगर में आज निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में नगर के युवा एवं बच्चे रंगों की मस्ती में सराबोर होकर सड़कों पर निकलेंगे। हिंदू उत्सव समिति द्वारा आज शनिवार को रंग पंचमी के उत्सव पर सुबह 10:30 बजे से सरदार पटेल चौराहे से फाग यात्रा निकाली जाएगी। फाग यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमणकर चौक बाजार में समाप्त होगी। यात्रा में तोप के माध्यम से गुलाल उड़ाते हुए लोगों को रंगों से सरोबार किया जाएगा। वहीं रंगों के फव्वारों से होली के मतवालों को भिगोया जाएगा। फाग यात्रा को लेकर हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा तैयारियां की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स संघ के होली मिलन समारोह में कविताओं पर झूमे श्रोता



**देवास।** पेंशनर्स संघ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ देवास का होली मिलन समारोह स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर उद्यान में 29 मार्च को संपन्न हुआ। इस अवसर पर नरेन्द्र नवगोत्री ने अपनी कविताओं से उपस्थित पेंशनर्स को भाव विभोर कर दिया। इसके साथ ही नरेन्द्र जोशी, कांतिलाल पटेल, शिवनारायण पाठक ने अपने विचार रखे। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष ने समस्त पेंशनर और वरिष्ठ जनों का पंचरंगी गुलाल से स्वागत कर होली मिलन का आगाज किया। इस अवसर पर देवास तहसील के पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल माली, दीपक कुमार मोहरी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, सुभाष जोशी, रामलाल लुवानिया, रामसिंह वीरपरा, अशोक कुमार चौहान, घनश्याम चौहान, अरूण कुमार शुक्ला, गेंदालाल पटेल सहित कई पेंशनर्स उपस्थित रहे।

### रोटरी क्लब देवास ने 26 ब्लड यूनिट दान करवाई

**देवास।** ए बी रोड स्थित शिक्षण संस्थान सी जी ट्यूटोरियल्स पर रक्तदान शिविर का आयोजन 29 मार्च को किया गया। जिसमें विश्व व्यापी समाज सेवी संस्था रोटरी अंतर्राष्ट्रीय के रोटरी क्लब देवास द्वारा 26 ब्लड युनिट दान कराई गई। क्लब के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया की रोटरी वर्ष 23-24 मे क्लब का लक्ष्य सात सौ से ज्यादा ब्लड यूनिट डोनेट करवाने का है । क्लब के सदस्यों ने भी रक्तदान किया। सचिव आशीष गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि रोटरी क्लब अगले माह 24 अप्रैल को निशुल्क मोतियाबिंद शिविर लगाने जा रहा है जिससे कई लोग लाभान्वित होंगे। इस शिविर मे सीनियर रोटेरियन पी एन तिवारी, कोषाध्यक्ष जी एस चंदेल, इवेंट चेयरमैन डॉक्टर जितेंद्र कुशवाह, हेमंत वर्मा, अजय सोलंकी, श्री जयसवाल , रोटरेक्ट क्लब से अध्यक्ष हिमांशु, रचिता व भरत विजयवर्गीय व अन्य उपस्थित रहे।

### गैरसरकारी संगठन संस्था की हुई कार्यशाला

# कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार, अक्षय तृतीया पर नहीं होने देंगे एक भी बाल विवाह

कार्यकर्ताओं के लिए इस क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन 'वी फॉर हर फाउंडेशन' और 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' के सहयोग से इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड ने किया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अक्षय तृतीया और शादी ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से जुड़े विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता राजधानी नई दिल्ली में जुटे और इस दौरान होने वाले बाल विवाहों को रोकने की रणनीति पर चर्चा की।

सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए इस क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन 'वी फॉर हर फाउंडेशन' और 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' के सहयोग से इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड ने किया। शादी ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाह को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर गांव-देहात में काम कर रहे सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए यह काफी महत्वपूर्ण समय है क्योंकि इस दौरान देश में हजारों की संख्या में बच्चों को बाल विवाह के नर्क में झोंक दिया जाता है। खास तौर से राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में अक्षय तृतीया का त्योहार बाल विवाह की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान देश भर के 161 गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है जो 2030 तक देश में बाल विवाह के खात्मे के लिए जरूरी 'टिपिंग प्वाइंट' यानी वह मुकाम जहां से बाल विवाह अपने आप खत्म होने लगेगा, को हासिल करने के लिए जमीनी अभियान चला रहे हैं।इस तरह की कार्यशालाओं की अहमियत को रेखांकित करते हुए प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता एवं लेखक भुवन ऋभु ने कहा, भारत 2030 तक बाल विवाह की रोकथाम के लिए संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने की ओर अग्रसर है। देश में बाल विवाह की ऊंची दर वाले इलाकों में पिछले एक वर्ष में गैरसरकारी संगठनों और सरकारों के प्रयासों ने जो गति पकड़ी है, उसे मजबूती और विस्तार देने की आवश्यकता है।

बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में अगले एक महीने काफी महत्वपूर्ण हैं और समुदायों, पंचायतों, गैरसरकारी संगठनों और राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर पर सरकारों को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है कि इस अक्षय तृतीया किसी बच्चे का बाल विवाह नहीं होने पाए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड के ट्रस्टी राजीव भारद्वाज ने कहा, बाल विवाह बच्चों की सुरक्षा के लिए शुरू की गई सभी पहलों और प्रयासों के लिए एक अभिशाप है और एक सभ्य दुनिया में इसकी कोई जगह नहीं है। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आए सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं (कम्यूनिटी सोशल वर्कर्स) ने बाल विवाह की रोकथाम में आ रही चुनौतियों के बारे में एक दूसरे से अपने अनुभव साझा किए।

इस दौरान इन कार्यकर्ताओं को इससे निपटने के तरीकों और बाल विवाह को हतोत्साहित करने वाले कदमों की जानकारी दी गई। खास तौर से उन कानूनों जो कि बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में सबसे अहम भूमिका निभा सकते हैं, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में मौजूद विशेषज्ञों और रणनीतिकारों ने अक्षय तृतीया के दौरान बाल विवाहों को रोकने पर विस्तार से मंथन किया और इसे रोकने के लिए रणनीतिक उपाय सुझाए। कार्यशाला में मौजूद देवास जिले के गैरसरकारी संगठन संस्था आस के निदेशक वसीम इकबाल ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं बाल विवाह की रोकथाम के लिए जमीनी अभियान चला रहे कार्यकर्ताओं के सामने आ रही चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में सक्षम बनाने में सहायक होंगी।

# चलते कंटेनर से 15 ट्रॉली बेग चुरा ले गए बदमाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नासिक से गाजियाबाद की और जा रहे कंटेनर से कटिंग कर बदमाशों ने कंटेनर में रखा सामान लूट लिया और फरार हो गए। कंटेनर चालक को पता लगा तो उसने ट्रक उज्जैन रोड़ स्थित ग्राम बांगर के समीप टोलटेक्स पर रोका और कंटेनर में सामान देखा तो वह अचंभित रह गया। कंटेनर चालक ने बताया कि कटिंग होने की बात इंदौर से देवास की और से गुजरने पर उसे पीछे से गुजर रहे एक ट्रक चालक ईशारा कर बताई थी। कंटेनर में करीब 400 ट्राली बैग रखे हुए थे।

जिसमें से 15 ट्राली बैग जिसकी अनुमानित किमत डेढ़ लाख रुपए है वह गायब थे। मामले को लेकर ट्रांसपोर्ट संचालक के आने के बाद सिविल लाईन थाने पर वाहन चालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। उक्त वारदात लोहारपीपल्या फ्लाईओवर व बांगर फ्लाईओवर के बीच मार्ग पर होना बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार नासिक से करीब 400 ट्रॉली बैग भरकर कंटेनर गाजियाबाद के लिए निकला था। बीती रात वह देवास पहुंचा, जहां लोहारपीपल्या से बांगर तक बने नए बाइपास मार्ग पर अज्ञात बदमाशों ने चलते कंटेनर से करीब 15 ट्रॉली बैग चुरा लिए। चोरी हुए ट्राली बैग की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है।कंटेनर चालक राजकुमार ने बताया कि रात को वारदात के बारे में मुझे पता चल गया था मुझे पीछे से आ रहे गाड़ी चालक ने इशारा किया था। लेकिन अंधेरा होने से मैं वहां अपना वाहन नहीं रोक सका। आगे जाकर टोल टैक्स पर मैंने अपना वाहन रोका और जब पीछे चेक किया तो कंटेनर का सील कटा हुआ था सूटकेस गायब थे। कंटेनर चालक ने कहा कि ट्रांसपोर्ट संचालक के आने के बाद इस मामले में प्रकरण दर्ज करवाएंगे।

कंजर गिरोह देता है ऐसी वारदात को अंजाम चलते वाहनों से अक्सर चोरी की वारदात देवास सहित आसपास के राजमार्गों पर आए दिन होती रहती है। कंजर गिरोह चलते ट्रकों से कटिंग की वारदात करते हैं। लोहारपीपल्या से बांगर तक बनाए गए नए बाइपास मार्ग पर वाहनों का आवागमन कम होता है। ऐसे में चोरी की वारदात के बारे में किसी को भनक नहीं लगती है।

### जिले के सभी विकासखंडों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चुनावी फाग उत्सव का किया जा रहा है आयोजन



**देवास।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अभियान हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों में चुनावी फाग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। चुनावी फाग उत्सव के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, एनआरएलएम की महिलाओं एवं ग्रामीण महिलाओं ने "होली के रंग मतदान संग" अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

# संसार झूठ है और परमात्मा ही सत्य है: पं. शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शरीर के अंदर जो आत्मा का स्वरूप है, वह परमात्मा का स्वरूप है। उस आत्मा को कीर्तन से जोड़ देना, सद्गुरु से जोड़ देना, कथा से जोड़ देना, भक्ति से जोड़ देना, भजन से जोड़ देना यह संयोग है। जिसने यह संयोग प्राप्त करना प्रारंभ कर दिया तो गोविंद सहज ही मिल जाएंगे। उस आत्मा को उस परम पिता परमात्मा का संयोग प्रारंभ होने लग जाएगा, फिर आत्मा संसार के हाथों में नहीं परमात्मा के हाथों में चली जाएगी।यह विचार श्री रंगनाथ राधाकृष्ण मंदिर चाणक्यपुरी में भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को व्यासपीठ से भागवताचार्य पं. राजेश शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एक बार अपना खुद का सहयोग भी कर लेना परमात्मा से मिलने का। जीवनभर अपने आप का सहयोग नहीं करते हैं, इसलिए तो मरने के बाद में उठाने के लिए चार आदमी की जरूरत होती है। जिस दिन आदमी अपने शरीर का सहयोग कर लेता है, उस दिन चार आदमी नहीं वह चार हाथ वाला चतुर्भुज नारायण उठाकर के ले जाएगा। इस दौरान मेरे भोले बाबा को अनाड़ी मत समझो... जैसे भक्ति गीतों की सुंदरतम प्रस्तुति से श्रोता झूमने लगे। आयोजक मंडल की चंदा शर्मा सहित धर्मप्रेमियों ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर महाआरती की। कथा में शिव-पार्वती विवाह धूमधाम से मनाया गया। सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया।

# 15 अप्रैल से प्रभु राम की कथा श्रीराम महोत्सव कथा के रूप में मनाया जाएगा: साध्वी सत्यप्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण की अलख जगाने वाली राष्ट्र की महान आध्यात्मिक प्रवक्ता साध्वी ऋतंभरा जी द्वारा राम जन्मभूमि पर रामलला के विराजने के बाद भारत में पहली बार श्री राम कथा देवास में होने जा रही है। धर्मार्थी मन्नुलाल गर्ग के सुकर्म फल का प्रतिफल है कि देवास वासियों को यह सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। 15 अप्रेल से देवास में अयोध्या की तरह राम महोत्सव कथा के रूप में राममय वातावरण निर्मित होना चाहिए।

यह कथन कैला देवी मंदिर समिति द्वारा श्रीराम कथा की व्यापक तैयारी को लेकर आयोजित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए साध्वी ऋतुम्भरा की शिष्या साध्वी सत्यप्रिया ने व्यक्त किए। समिति संयोजक रायसिंह सेंधव ने कथा आयोजन को लेकर तैयारी एवं व्यवस्था पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी देवकृष्ण व्यास, डॉ. डी.पी. श्रीवास्तव, समिति अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल, राजीव खंडेलवाल, रेखा वर्मा, राजेश यादव, कमल बर्डिया, ओ.पी. तापडिया, विजय श्रीवास्तव, राजेश व्यास ने बैठक को सम्बोधित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कथा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता एवं राम भक्तों का आव्हान किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ता व शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विशिष्ट जन सहित मदन सिंह धाकड़, माखनसिंह राजपूत, मोहन श्रीवास्तव, पंकज वर्मा, प्रहलाद अग्रवाल, ओ.पी.दुबे, वीणा महाजन, मधु शर्मा, गरिमा श्रीवास्तव, राजुबाई चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे। साध्वी सत्यप्रिया का स्वागत दीपक गर्ग, जयेश गर्ग, हितेष गर्ग आदि ने किया। बैठक के पश्चात फाग गीतों के साथ फूलों की होली खेली गई। बैठक का संचालन मीडिया प्रभारी चेतन उपाध्याय ने किया तथा आभार अनामिका गर्ग ने माना।

# आबकारी विभाग ने 26 पेटी देशी शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग ने गुरुवार को वृत्त बागली ब में मुखबिर सूचना पर आबकारी टीम ने मानकुंड रोड पर नाका लगाकर मोटर साईकिल को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बाइक पर सवार शंभु सिंह एवं जितेन्द्र सिंह के पास 07 पेटी देशी मदिरा की कुल 63 बल्क लीटर रखी हुई थी जो अवैध रूप से संग्रह कर परिवहन किए जाने से दोनों के विरूद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना लिया। जप्त सामग्री तथा वाहन का बाजार मूल्य लगभग 72750 रूपए है । इसी क्रम में व्रत देवास (ब) में मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा ग्राम बरोठा के एक रियासी मकान की विधिवत तलाशी देने पर 19 पेटी देशी मदिरा प्लेन की बरामद हुई तथा मौके से महेश को पकड़ा गया जिसे मदिरा को अवैध रूप से संग्रह कर रखा रखी हुई थी जो मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 341 एवं 342 का उल्लंघन होने से आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जब तो सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 61750 है। उपरोक्त दोनों कार्रवाइयों में जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 01 लाख 34 हजार 500 रुपए है। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी बागली ब एवं देवास ब आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव एवं व्रत प्रभारी देवास अ उमेश स्वर्णकार व्रत टोंकखुर्द प्रभारी डी पी सिंह मुख्य आरक्षक राजा राम रैकवार, नितिन सोनी, आशीष गुप्ता, अरविंद जिनवाल, गोविंद सनत ओझा सैनिक केदार चौधरी सम्मिलित रहे। इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### भीषण गर्मी के बावजूद भी कमल किशोर नागर की कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

# '40 कंडे, चार बांस, चार कंधों के पास कंचन काया गिरवी रखी है'





हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

40 कंडे, चार बास, चार कंधों के पास मनुष्य की कंचन काया गिरवी रखी हुई है, यदि इसे मुक्त करना है तो राम नाम का जाप, प्रभु की भक्ति में मगन होना होगा, अन्यथा समय रहते यदि इसे मुक्त नहीं कराया तो पछतावा होगा, क्योंकि पत्नी का साथ घर की दहलीज तक, पुत्र का साथ अग्नि तक एवं परिवार के लोगों का साथ शमशान तक ही है। इस के बाद सिर्फ एक ही राम नाम का सहारा ही होता है, जो मरे के बाद साथ रहता है। उक्त विचार बागली के समीप बैहरी मार्ग पर आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को मालवा के कथा वाचक राष्ट्रीय संत कमल किशोर नागर द्वारा व्यक्त किए गए। संत नागर ने कहा कि जीवन में भी नीचे से ऊपर जाने का नियम है। भजन में भी यही ध्यान रखना है। ध्यान से ईश्वर के निकट जाओ। नाम जप करते रहो।

जीवन के अंत में नाम बंद हो जाएगा और वह स्वरूप सामने आ जाएगा। हमें केवल नाम संकीर्तन करना है। जो मीरा ने किया, तुकाराम ने किया, नरसिंह मेहता ने किया, नामदेव ने किया। संत ने कहा कि आगे धंधा, पीछे धंधा, ऊपर धंधा, नीचे धंधा और इन सब में रहकर जो भजलें वह मालिका का बंदा। जो इतने दिन से भजन कर रहे हैं, क्या तुमने देखा है, भगवान को। कुतर्क कर धर्म में बखेड़ा खड़ा ना करे। सीधी सी बात है जब तक शरीर है हमको भजन करना है। संतश्री ने कहा कि जीवन में शब्द की सख्त जरूरत है और मरण में स्वरूप की सख्त जरूरत है। मरण में शब्द नहीं चलेगा, मरण में स्वरूप चाहिए। जिस स्वरूप का जीवनभर ध्यान किया है। जब नाव मझधार में डूब रही है तो वहां स्वरूप की जरूरत है। संतश्री ने कहा कि जीवन भजन में ही व्यतीत करें। भक्ति को भोगों की प्राप्ति का आधार ना बनाएं।

भक्ति का तो हमें मुक्ति में काम लेना है। ज्ञान की बातें सुनते रहें। इस कान से सुनेंगे और दूसरे कान से निकाल देंगे, ऐसा नहीं है, क्योंकि दोनों कानों के बीच दिमाग भी तो है। अच्छी बातें सुनते रहें, उनका चिंतन करते रहें और बुरी बातों से बचते रहें। इससे अंतःकरण की शुद्धि होती है।बागली में एसडीओपी सृष्टि भार्गव द्वारा पहली बार संत कमल किशोर नागर की कथा का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में देवास जिले सहित अन्य जिलों से भी प्रतिदिन श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे हैं। भीषण गर्मी पर भक्ति भारी पड़ रही है। गर्मी के पश्चात भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए कथा स्थल पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन टेंट का क्षेत्रफल बढ़ाना पड़ रहा है। गर्मी में भी टेंट में बैठकर श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे हैं।कथा के चौथे दिन कथा पांडाल में कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया। इस दौरान पूरा पंडाल कृष्ण मय हो गया, कथा वाचक संत नागर द्वारा कृष्ण भजनों की प्रस्तुति दी गई।

# घर में बंधी एक बकरी व तीन बछड़े की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

श्याम नगर में हाईस्कूल के समीप स्थित घर में एक बकरी एवं तीन बछड़े कि मौत का मामला सामने आया है। शुक्रवार सुबह डायल हंड्रेड चापड़ा को इवेंट मिला कि श्याम नगर में एक बकरी एवं तीन बछड़े कि मौत हो गई है। सूचना मिलते ही डायल हंड्रेड पायलट संजय उपाध्याय, सैनिक गुलाब सिंह सेंधव मौके पर पहुंचे। जहां पर घर के अंदर एक बकरी एवं तीन बछड़े मरे हुए पाए गए। मरे हुए बकरी व बछड़ों पर घाव के निशान दिखाई दे रहे थे, जिससे अनुमान लगाया गया कि,किसी व्यक्ति द्वार इन्हें मारा गया है। बकरी व बछड़े घर के अंदर बंधे हुए थे, घर के पीछे लकड़ियों की बागड़ बनी हुई है, जिसमें से घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति अंदर घुसा है, और घटना को अंजाम देखकर चला गया। फरियादी हजारीनाथ ने बताया कि बकरी व बछड़े हमेशा की तरह घर के अंदर बंधे हुए थे। हम सब घर के बाहर सोए हुए थे, जब सुबह उठकर देखा तो बकरी एवं बछड़े मरे हुए पड़े मिले। जिसकी जानकारी डायल हंड्रेड को दी गई। हजारीनाथ ने बताया की मरे हुए पशुओं पर घाव के निशान है। चापड़ा चौकी प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। लेकिन बकरी एवं बछड़े को किसी व्यक्ति द्वारा मारा गया, यह स्पष्ट नहीं है, ना हीं ऐसे कोई प्रमाण मिले हैं। शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय सचिव बने अभिषेक



**आष्टा।** अखिल भारतीय जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन की नवीन कार्यकारिणी में अभिषेक सुराणा को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। जैन सोश्यल आष्टा की गतिविधियों में सक्रिय रहकर ग्रुप को नए आयाम पर स्थापित करने एव अपनी कार्यकुशलता से फेडरेशन नेतृत्व को प्रभावित करने के चलते सुराणा को यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। अपनी नियुक्ति पर सुराणा के द्वारा नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जी जैन, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र जी संचेती, प्रकाश जी भटेवरा, संजय नाहर, पीयूष जैन का आभार व्यक्त किया। अभिषेक सुराणा को सचिव बनाये जाने पर श्री संघ अध्यक्ष पवन सुराणा, लोकेंद्र बनवट, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, पारसमल सिंघवी, विजय देशलहरा, राजा पारख, सुशील संचेती, त्रिलोक वोहरा सोश्यल ग्रुप अध्यक्ष यश श्री श्री माल, कुलदीप कोचर, मनीष चोरडिया, पुष्पेंद्र मालू, आलोक वोहरा, दीपेश सिंगी, राहल चतर मुथा, पंकज नाकोड़ा, विनीत सिंगी, अभय देशलहरा, विपिन बनवट, नगीन डुंगरवाल, राहुल सुराणा, नीलेश सुराणा, प्रदीप प्रगति, सुरेंद्र परमार, मृगांक गुप्ता, मोहित कासलीवाल, नरेंद्र कुशवाह, अनिल धनगर, वीरेंद्र परमार आदिं ने बधाई दी है।

### दादी जानकी को अर्पित की पुष्पांजलि

**आष्टा।** आष्टा केंद्र शांति सरोवर में त्यागी तपस्विनी, वात्सल्य की धनी, अनेकता में एकता लाने वाली आदरणीय राजयोगिनी दादी जानकी जी के पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुचे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, एडवोकेट राजमल धारवा, पत्रकार सुशील संचेती, राजीव गुप्ता अपने पुरे परिवार के साथ आष्टा शांति सरोवर पहुचे। यहा की प्रभारी ब्रह्मा कुमारी कुसुम दीदी, नीलिमा दीदी व अन्य ब्राह्मकुमारी परिवार के सभी लोग सम्मिलित रहे। सभी ने दादी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजली अर्पित की। कार्यक्रम के पश्चात ब्रह्मा भोजन किया।

### गुंडों-बदमाशों के हौसले बुलंद, जमीन पर कब्जा कर दे रहे जान से मारने की धमकी

# पीड़ितों ने पुलिस से लगाई मदद की गुहार महेंद्र के खिलाफ आए शिकायती आवेदन

घनश्याम पुरा निवासी ग्रामीण ने जमीन पर कब्जे का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सरकार बदले या न बदले गुंडे-बदमाशों का चाल चरित्र कभी भी नहीं बदलते है। वो तो ताल ठोंककर किसी के भी साथ मारपीट करते है, अपने बुलंद हौसलों से सीधे साधे लोगों की जमीन पर कब्जा,या मकान खाली कराने और सटोरियों के रुपयों की अवैध वसुली को अंजाम दे रहे है। और बड़े-बड़े नेता इन बदमाशों को मार्केटिंग का काम सौंप रहे है। सड़क से लगी कोई सी भी जमीन या मकान दिखा तो वो उसे हर हाल में कब्जा करके ही रहते है।

हालात ऐसे है की गुंडे-बदमाशो को अब पुलिस के जुलूस और थाने में होने वाले रिमांड का भी खौफ नहीं रहा है। और अब तो अधिकतर गुंडे-बदमाश पुलिस के साथ चाय पीते हुए भी दिख जायेगे!इसलिए इन गुंडों - बदमाशों पुलिस का खोफ भी दिखाई नही देता है यही कारण है की थानों में इन गुंडों बदमाशों को आसानी से देखा जा सकता है और शायद यही कारण है की सभ्य समाज के लोग ऐसे गुंडे बदमाशों के खिलाफ़ पुलिस थानों में शिकायत करने नही पहुंच पाते है!छूट भैया बदमाश के खिलाफ़ 24 घंटे में दूसरी शिकायत पहुंची थानेबीते दिवस आईपीएल की ख़बर चलाने पर पत्रकारों को धमकी देने वाले बदमाश महेंद्र जाट की दबंगई का एक और मामला सामने आया हैताजा मामले में महेंद्र जाट पर अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर जान से मारने की धमकी के गंभीर आरोप का लगे है। आपकों बता दे की बीते दिवस आष्टा पुलिस ने आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाते हुए 2 आरोपियों को पकड़ कर इनके पास से 2 लैपटॉप और 10 मोबाईल फोन जब्त किए थे! लिहाजा पुलिस की इस बड़ी कामयाबी का खबर संकलन के थाने पहुंचे पत्रकारों को महेन्द्र जाट ने खबर छापने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। जिसके बाद स्थानीय सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर महेन्द्र जाट के खिलाफ़ कार्यवाही के लिए शिकायती आवेदन दिया था।

वहीं अब 24 घंटे के भीतर महेन्द्र जाट की दबंगई और गुंडागर्दी का एक और मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी अनुसार घनश्याम पुरा निवासी कृष्णा मेवाडा ने आष्टा थाने में महेंद्र जाट पिता बाबूलाल जाट निवासी हरसपुर तहसील इछावर के खिलाफ़ शिकायती आवेदन देते हुए बताया की घनश्यामपुरा में कृषि भूमि है जिसका खसरा नंबर 40,45,46/2 और 13/1 और 17 भूमि है जीस पर महेंद्र जाट ने अवैध कालोनी काटने के बाद मेरी भूमि पर सीसी रोड बनाकर कब्जा कर लिया है और मना करने पर बंदूक का डर दिखाकर मारपीट करता है और 10 लाख रुपए की मांग कर परिवार को जान से मारने की धमकी देता है वही देव स्थान के ओटले को भी जेसीबी मशीन से तोड़ने के आरोप फरियादी ने आवेदन में लगाए है वहीं पीड़ित ने अब महेंद्र जाट की गुंडई और दबंगई से परेशान होकर पुलिस की शरण ली है और कार्यवाही की मांग की है ! गौरतलब है की महेंद्र जाट शहर के जुआरी सटोरियों के इशारों पर लोगों को डराता धमकाता है तो भोलेभाले लोगो की जमीन अपनी दबंगई से कब्जा कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है जिससे कई लोग परेशान है और यही कारण है की पत्रकारों के सामने आने के बाद अब धीरे धीरे महेंद्र जाट के जुल्म के शिकार अन्य लोग भी सामने आकार पुलिस में शिकायत कर रहे है! अब देखना यह है की महेंद्र जाट के खिलाफ़ पुलिस थाने में 24 घंटो में आए आवेदनों पर क्या कार्यवाही करती है और कैसे महेंद्र जाट पर लगाम लगाती है।

# शिक्षक पंपलेट से बताएंगे सरकारी स्कूलों की विशेषताएं

**प्रांतीय शिक्षक संघ की अभिनव पहल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने हेतु प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर ने मैदानी प्रयास प्रारंभ किये हैं। इस हेतु जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम थी वहां पर पिछले वर्ष भी प्रयास किए गए थे इसलिए दस हजार पंपलेट के माध्यम से स्कूल के स्टाफ के साथ प्रांतीय शिक्षक संघ के साथियों ने घर-घर संपर्क किया था एवम छात्र संख्या बढ़ाने का प्रयास किया था।

इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी प्रयास किया जा रहा है।इस हेतु प्रांतीय शिक्षक संघ द्वारा जारी सरकारी स्कूलों की विशेषताएं बताने वाले पंपलेट का विमोचन जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने किया। पहली कक्षा में सर्वाधिक नामांकन करने वाले शासकीय प्राथमिक स्कूलों को प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय का पुरस्कार दिया जाएगा।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर द्वारा प्रांतीय शिक्षक संघ के सकारात्मक प्रयास के लिए उत्साह वर्धन भी किया। 10000 पंपलेट के माध्यम से विभिन्न स्कूलों के स्टाफ के साथ प्रांतीय शिक्षक संघ के साथी कंधे से कंधा मिलाकर सर्वे करवाएंगे जिससे सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़ सके। प्रांतीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं स्कूल स्टाफ घर-घर जाकर संपर्क करेंगे और सरकारी स्कूल की विशेषताएं बताएंगे और प्रेरित करेंगे कि सरकारी स्कूल मैं एडमिशन कराएं निजी स्कूल में नहीं। इस अवसर पर प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, संगठन मंत्री बलराम पंवार, प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया,नरेश मेवाडा, आशीष शर्मा, निर्भय बारिबा, भीमसिंह कीर, विजय बजाज शैलेन्द्र ठाकुर, मनोज राठौर, चंद्रशेखर वर्मा, संजय जादौन, बद्री प्रसाद वर्मा, दिनेश मेवाड़ा, हेमन्त मालवीय आदि शामिल थे।

# 39 डिग्री तक पहुंचा तापमान कूलर-पंखों की बिक्री बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा और आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को अचानक तापमान बदल गया। नगर में गर्मी के तेवर तीखे हो गए और आज का अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया।गर्मी के तेवर तीखे होते ही पंखे, कूलर, एसी की डिमांड भी बढ़ गई है। दो दिन की गर्मी के बाद से नगर की दुकानों पर भीड़ नजर आ रही है। वहीं ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों पर भी बिक्री बढ़ गई है।मार्च के अंतिम दिनों में गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। लोग मुंह पर कपड़ा बांध कर बाहर निकल रहे है।

### रंगपंचमी व ईद-उल-फितर मिल जुलकर मनाएं: जाकिर पटेल

**आष्टा।** मप्र जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष जाकिर पटेल द्वारा रोजा अफ्तार एवं तत्पश्चात एक मींटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे ईदगाह कमेटी के समस्त सभी सदस्य एवं अध्यक्ष सम्मिलित हुए । जिलाध्यक्ष जाकिर पटेल ने सभी का स्वागत किया। और राय मशवरा करते हुए ईद और होली शांति और सद्भावनापूर्वक मनाने की अपील की। श्री पटेल ने कहा कि हमार देश भाईचारा और मोहब्बतो का देश है। इस समय रमजान और ईद और होली का महीना साथ मे चल रहा है समाज के लोग रमजान मे इबादत और रोजा रखकर एहतमाम करे। साथ में होली का पावनपर्व है वही आने वाले दिनो मे भी ईद भी है। एक दूसरे के सहयोग से एवं मिलजुलकर मनाए। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाफिज बब्बन ने कहा कि ईदगाह एवं अन्य मस्जिदो में समय की पांबदी के साथ नमाज अता की जाएगी। चांद दिखने पर 11 अप्रैल को ईद होगी इस अवसर पर उपाध्यक्ष सलीम ठेकेदार सचिव शाहरूख कुरैशी आरिज अली ,तथा वक्फ कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा फारूक बैग इरशाद अली सहित कई लोग उपस्थित थे।

# वन अमले ने जब्त की अवैध लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सोमवार दोपहर रेंजर राजेश चौहान को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि अवैध सतकट लकड़ी से भरा एक ट्रक मालीखेड़ी रोड़ से आष्टा की ओर आ रहा है। जिसके पश्चात रेंजर श्री चौहान द्वारा डिप्टी रेंजर शैलेश कुमार सिंह व उनकी टीम को तत्काल उक्त ट्रक के सम्बंध में सूचित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। जिसके बाद ग्राम मालीखेड़ी रोड़ पर वन विभाग की टीम द्वारा उक्त ट्रक का इंतजार किया और मुखबिर के बताये अनुसार ट्रक मालीखेड़ी रोड़ से आता दिखाई दिया। जिसको रोककर वाहन की तिरपाल हटाई गयी तो सतकट लकड़ी से भरा पाया गया।

जिसके सम्बंध में ट्रक ड्राईवर से वैध दस्तावेज़ चाहे गये परंतु उसके पास उक्त लकड़ी परिवहन हेतु कोई वैध दस्तावेज़ नहीं मिले। जिसके बाद उक्त लकड़ी से भरे ट्रक को जप्त किया गया। रेंजर राजेश चौहान द्वारा बताया गया कि वन विभाग द्वारा एक अशोक लेलेंड ट्रक से सतकट चिरान लकड़ी 327 नग 9.725 घ.मी. जप्त की गयी है। उक्त लकड़ी के परिवहन हेतु ड्रायवर सलमान आ लल्लू खॉ निवासी जुम्मापुरा आष्टा के पास किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज़ नहीं पाये गये, जिसके बाद आरोपी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 24654/13 25.03.2024 पंजीबद्ध किया गया। वन विभाग को मिली इस सफलता में डिप्टी रेंजर शैलेश कुमार सिंह, वनरक्षक राहुल सिंह परमार, फेसल बर्नी, नितेश पाटीदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मेहर ने प्राप्त किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



उत्कृष्ट विद्यालय आष्टा में प्राचार्य रहे स्वर्गीय अजहरुद्दीन की पुत्री मेहर अजहर ने मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर में एमबीबीएस 2024 फाइनल ईयर में मध्य प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया।

उनकी इस उपलब्धि ने आष्टा शहर को गौरांवित किया है। मध्य प्रदेश एमबीबीएस 2024 फाइनल ईयर की परीक्षा में 1103 अंक प्राप्त कर फर्स्ट रैंक प्राप्त की है। आष्टा शहर के लिए यह पहला अवसर है जब किसी विद्यार्थी ने एमबीबीएस फाइनल ईयर में यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेहर अजहर शुरू से ही मेघावो छात्रा रही है। इन्होंने संपूर्ण एमबीबीएस की शिक्षा राजमाता विजय राधे सिंधिया मेडिकल कॉलेज शिवपुरी से प्राप्त की है। मैहर अजहर कांग्रेस नेता शेख नईमुद्दीन व तहसील में पदस्थ कमरुद्दीन व सन्ना भाई की भतीजी है। उनकी इस उपलब्ध पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री कैलाश परमार, कमल सिंह चौहान वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैया मियां, पूर्व जनपद अध्यक्ष बल बहादुर सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद सुनील शेट्टी, डॉक्टर मीना सिंघी, विनीत सिघी, दशरथ सिंह ठाकुर, डॉक्टर हेमंत वर्म,ा एचआर परमांल, बाबूलाल मालवीय, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष इदरीश मंसूरी, राशिद भाई, नेताजी डॉक्टर ओपी वर्मा, शांतिलाल मंडलोई, ठाकुर प्रसाद वर्मा, अनार सिंह मेवाडा, प्रहलाद सिंह खड़ी, भैया एमपी सोहेल, मिर्जा दशरथ सिंह, जाहिद खान, पार्षद इमरान खान, चंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह टीपा खेड़ी, जहूर मंसूरी, गोरे मियां, सोभाल सिंह मुगली सलीम अंसारी, पूर्व पार्षद कलीमुद्दीन, प्यारे पटेल डॉ एजाज खान, तौसीफुद्दीन, रामचरण देवरिया, जगदीश द्रविड, द्रविड़, कृपाल मालवी, राजकुमार मालवीय, शेख रईस, अतीक कुरेशी, घनश्याम जांगड़ा, महमूद अंसारी, शम्मी उद्दीन आदि लोगों ने बधाई दी।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया होली उत्सव छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को लगाया रंग-गुलाल




**जावर।** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या/मंदिर कुरावर में होली उत्सव मनाया गया। जिसमें आचार्य परिवार द्वारा सभी भैया बहनों को गुलाल लगाया गया। और सभी भैया बहनों ने आचार्य, प्रधानाचार्य सभी को गुलाल लगाकर होली का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। भैया बहनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। होली उत्सव अनेकता में एकता का त्यौहार है, सभी भैया बहनों ने गुलाल से होली खेली और लोगों को संदेश दिया की केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# जावर पुलिस ने कार्रवाई कर फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



गुरूवार को एसपी के निर्देशानुसार चुनाव आचार संहिता के पालन में कई वर्षो से फरार चल रहे स्थाई वारंटी चंदर सिंह पिता कोकसिंह मोगिया निवासी मोगियापुरा जावर, स्थाई वारांटो में 6 साल से फरार रामरतन पिता गणपत मालवीय निवासी मुरावर थाना जावर के 2 स्थाई वारांटो में 7 साल से फरार बाबूलाल पिता धनसिंह निवासी उमरपुरा थाना आष्टा, थाना जावर के 2 स्थाई वारांटो में 6 साल से फरार कुमेर सिंह पिता पुरणसिंह मोंगिया के 2 स्थाईवारंट को तलाश किया। जो कि घर वालो ने मृत होना बताया जिसका मृत्यु प्रमाणपत्र प्राप्त किया। बाकी स्थाई वारंटीयो को थाना जावर पुलिस द्वारा मुखबिर लगा कर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। जिन्हे न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कुल 7 स्थाई वारंटीयो की तामिली में निरीक्षक थाना प्रभारी जावर आरएन मालवीय, उपनिरीक्षक राजू मकोड़, उपनिरीक्षक अनिल डोडियार, प्र आर अर्जुन, आर ज्ञानसिंह, आर पवन, आर मनोज, सै जगदीश, सै राहुल का सराहनीय योगदान रहा।

### विवाह सम्मेलन को लेकर पाटीदार समाज ने ध्वज लगाकर किया पूजन

# 26 अप्रैल को झरखेड़ा में होगा समाजिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



ग्राम झरखेड़ा में 26 अप्रैल के विवाह सम्मेलन को लेकर ध्वज लगाकर पूजन किया गया। और खोडलधाम समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मां जगत जननी के मंदिर निर्माण हेतु विस्तृत चर्चा की गई बैठक की अध्यक्षता वल्लभभाई पटेल मोटर्स इंदौर द्वारा की गई। जिसमें लगभग सभी ग्रामों के वरिष्ठ समाज सेवक उपस्थित हुए। इस मौके पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी 28 गांव में समिति का गठन किया जाएगा। सभी ग्राम में समिति गठन करने के लिए ग्राम प्रभारी की नियुक्ति की गई। गणेशपुर में दिनेश पाटीदार, खरगोन कला प्रेम पटेल, नंदकिशोर पूर्व सरपंच, राहुल पाटीदार, बोगी हरि मोहन नगीना, खोकरा कला-रामेश्वर बारोड, नंदकिशोर, नटवर, रिचड़ी-श्री घनश्याम पाटीदार, छापरी- चंद्रशेखर बारोड, रामडी- अंबाराम पटेल, जोगनी शंकर पाटीदार, बिशन खेड़ी- लक्ष्मीनारायण पाटीदार, बराल खेड़ी मनोहर पाटीदार, ऊगली- बृजलाल पटेल, सेमलिया- महेश पाटीदार सरपंच, बेहरावल- गोपाल पाटीदार पटेल वल्लभ, महावीर पाटीदार सरपंच, संजय गामी, कालापीपल पवन पाटीदार, कीलोदा रामेश्वर पटेल, सुजालपुर मांगीलाल पाटीदार शिक्षक, बापचा श्यामपुर लक्ष्मी नारायण पाटीदार, परमानंद पाटीदार, विष्णु प्रसाद बेलावत, कैलाश पाटिल, मुगलिया हॉट धन्ना लाल सरपंच, महेश सरपंच, संतोष परवलिया, बसंत पाटीदार, बदामी पाटीदार, मुकेश पाटीदार, गुड्डा तोरणिया भगवान, रोला राम नारायण पाटीदार पूर्व सरपंच. शेखपुरा रामचरण पाटीदार, सीहोर गंगा प्रसाद पाटीदार, भोपाल डॉक्टर रमेश बेलावत, मुगलिया छाप अनिल पाटीदार, दीपडी नरेश पाटीदा, बगली, नंदलाल सरपंच, जाट खेड़ी सुरेश पटेल, बाबरिया कला गजराज पाटीदार, मिसरोद जीत पाल पाटीदार, नर्मदा प्रसाद, राम सलैया लखन लाल पाटीदार कमलेश पाटीदार, जगमोहन पाटीदार, झरखेड़ा हरि नारायण पाटीदार, कैलाश चंद पटेल, चंद्रशेखर पटेल आदि को नियुक्त किया गया। नियुक्त कर कहा कि आशा और विश्वास है कि आप एक सप्ताह के अंदर अपने-अपने ग्राम में समिति का गठन कर समाज को अवगत अवश्य करेंगे। सभी समाज जनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# माता मंदिर में मनाया फाग उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर नगर के प्राचीन मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर में प्रति शुक्रवार को भव्य महाआरती का अयोजन किया जाता है।

वहीं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली पर्व पर मां महिषासुर मर्दिनी माता का विशेष श्रृंगार किया गया। साथ ही महाआरती की गई। महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर में रंगों के पर्व होली पर फाग उत्सव मनाया गया।

फागोत्सव के दौरान फूलों व गुलाल की होली मंदिर परिसर में खेली गई। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर मां महिषासुर मर्दिनी शक्ति संगठन के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में माता के भक्तजन मौजूद थे।

# भाई दूज पर बहनों ने किया तिलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



होली दूज का त्यौहार हर्ष उल्लास का साथ मनाया गया। बहनों में भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उपहार भेंट कर मंगल कामना की। स्नान ध्यान करने के बाद घरो में सुंदर चौक तैयार किये गए। इसके बाद बहनों ने भाइयो को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। इसके बदले भाइयो ने बहनों के लिए मंगल कामना करते हुए उपहार भेंट किये। जिन भाइयों कि बहनें सुसराल में थी तो भाई उनके पास पहुंचे तो वही उनका मंगल तिलक किया। उनकी लंबी आयु की कामना की।

### दोनों की क्षेत्रों में दशकों से दूसरे शहरों के भरोसे चल रहा जीवन

# अच्छे स्वास्थ्य और रोजगार के लिए पलायन को मजबूर हैं मरीज और मजदूर



**लोकसभा चुनाव में अपने मतदान से वंचित रह जाएंगे कई मतदाता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

युवाओं को रोजगार पाने के लिए दूसरे शहर जाने का मामला हो या फिर मजदूर वर्ग को 200-250 रुपए का काम पाने के लिए दूसरे राज्यों या शहरों पर निर्भरता, यह बताने के लिए काफी है कि जिले में जनप्रतिनिधियों ने दशकों इस पलायन को रोकने के लिए कोई मजबूत आधारशिला नहीं रखी। आज भी तंवरवाड़ अंचल के हालात जस के तस बने हुए हैं। सरकारी योजनाओं की विफलता एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते गांव के अधिकतर लोग जिनमें 6 साल की बच्चे भी शामिल हैं रोजगार के लिए राजस्थान का रूख करने को मजबूर हैं। बुधवार रात को भी राजगढ़ बस स्टैंड पर काम की तलाश में राजस्थान जाने वाले लोगों को देखा गया। जब उनसे बात की गई तो सरकार की मनरेगा जैसी योजना की सच्चाई भी सामने आ गई। वहीं यदि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बात की जाए तो आए दिन प्रसूताओं को रेफर व बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ जैसे मामले सामने आते रहते हैं। ऐसे में अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी मरीजों को पलायन ही करना पड़ता है।



#### तंवरवाड क्षेत्र के अधिकतर गांवों से होता है काम के लिए पलायन

*दशकों से दो जून की रोटी कमाने के लिए एक शहर से दूसरे शहर व दूसरे राज्यों तक पलायन होता आ रहा है फिर चाहे वह युवा बेरोजगार हो या फिर देहाड़ी पर काम करने वाला मजदूर वर्ग। जिले में रोजगार की स्थितियां दोनों के लिए ही अनुकूल नहीं हो पा रही है। राजगढ़ बागपुरा , धान्याखेडी, धनवास, किसनपुरिया ,लहरचा, बाक्यापुरा, मेरियाखेड़ी जैसे राजगढ़ जनपद के तंवर क्षेत्र के ज्यादातर गांवों से काम के लिए पलायन होता रहता है।*

#### मनरेगा भी बेअसर

*हालात ऐसे हैं गांवों में मनरेगा में एक दिन की मजदूर 221 रुपए दिए जाने का वादा और 100 दिन काम की गारंटी भी बेअसर साबित होती दिखाई दे रही है। बुधवार की रात को राजस्थान बस का इंतजार करने वाले मेरियाखेड़ी गांव के मुकेश, भूरा व अन्य से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि लहसुन उखाड़ने के लिए कोटा व राजस्थान के अन्य शहरों में जाएंगे जहां पर उन्हें 200-250 रुपए मिलते हैं। हालांकि मनरेगा में भी अप्रैल से मजदूरी बढाई जा रही है जो कि 250 के आसपास ही होने जा रही है। ऐसे में क्या इस पलायन को रोका जा सकता है ?*

#### सैकड़ों मजदूरों के पलायन से मतदान पर पड़ेगा असर

*तंवरवाड क्षेत्र से काम के लिए पलायन करने वाले और फिर कुछ समय के बाद वापस आने वाले ग्रामीणों का इस समय जाना लोकसभा में उनके मतदान करने पर संशय है। सैकड़ों मजदूर जो दूसरे राज्यों में अपनी दिहाड़ी कर रहे हैं क्या वह अपने वाली 7 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे?*

# प्रेम प्रसंग के चलते सीआरपीएफ के पूर्व जवान ने नदी में कूदकर की आत्महत्या

### आत्महत्या के पूर्व रात्रि में बनाया वीडियो, सुसाइड नोट भी छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक पूर्व जवान ने गुरुवार को नेवज नदी में कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, होमगार्ड व स्थानीय लोगों ने काफी समय तक शव को खोजने का प्रयास किया। बाद में नदी के छोटी पुलिया में पानी रोकने लगाए गए तरापों को भी खोला गया ताकि पानी निकलने पर शव मिल सके। आठ घंटे की मशक्कत के बाद आखिर नदी से युवक का शव खोज लिया गया। मृतक द्वारा आत्महत्या के पूर्व रात्रि में बनाए गए एक वीडियो में एक मां-बेटी पर संगीन आरोप लगाए गए हैं। वहीं, उसके घर पर भी एक सुसाइड नोट मिला है।



#### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार वाल्मीकि मोहल्ला निवासी मनीष पिता बागमल हुंडिया उम्र 30 वर्ष सीआरपीएफ, ग्वालियर में पदस्थ था। कुछ समय पहले ही उसने ने नौकरी से इस्तीफा भी दे दिया था। रात्रि में मनीष ने शहर निवासी अपनी प्रेमिका और उसकी मां द्वारा पैसों के लिए परेशान करने संबंधी एक वीडियो बनाया। इसके बाद गुरूवार सुबह उसने नेवज नदी के शिवघाट पर आकर नदी में कूद गया। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस, होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम शिवघाट पहुंची और सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया। एसपी आदित्य मिश्रा भी घटनास्थल पर पहुंचे और ऑपरेशन का जायजा लिया। बाद में नेवज नदी पर पानी रोकने के लिए लगाए गए लोहे के तरापों को खोलकर नदी का पानी भी निकालना शुरू किया गया ताकि मनीष का पता चल सके। सर्चिंग ऑपरेशन के सात घंटे बाद नदी में ही मनीष का शव मिल गया जिसे बाद में पीएम के लिए भिजवाया गया। पुलिस पूरे मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है।

## 30 व 31 मार्च को खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

**राजगढ़।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्रान्तर्गत 29, 30 एवं 31 मार्च को भी बिल भुगतान केंद्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रहेंगे। विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि 29 मार्च शुक्रवार को गुड फ्राइडे, 30 मार्च शनिवार एवं 31 मार्च रविवार को जिले मे कंपनी के सभी बिल भुगतान केंद्रों को खुला रखा जाएगा। कंपनी के अधिकारियों ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने निकटतम भुगतान केंद्र पर पीओएस मशीन, आईसेक्ट के कियोस्क के माध्यम से भी बकाया बिल राशि जमा कर सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए सभी मैदानी अमले एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया है ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### पैर में कई जगह कुत्ते के काटने के निशान

# एक वर्षीय बालिका को कुत्ते ने काटा, गंभीर घायल



**राजगढ़।** शहर की पीटी कंपनी निवासी एक वर्षीय बालिका को गुरूवार दोपहर एक कुत्ते ने कई जगहों पर काट लिया। बाद में परिजन बालिका को अस्पताल लेकर गए लेकिन ड्यूटी स्टाफ द्वारा लापरवाही करते हुए उचित इलाज नहीं किया गया। जानकारी के अनुसार जैनब पुत्री जावेद खान निवासी पीटी कंपनी गुरूवार दोपहर घर के बाहर ही खेल रही थी। इस दौरान एक कुत्ते ने उसे कई जगहों पर काट लिया जिसमें बालिका घायल हो गई। बालिका के पैर एवं जांघों पर कई जगह कुत्ते के काटने के निशान हैं। बताया जा रहा है कि जिस कुत्ते ने बच्ची को काटा है वो किसी का पालतू कुत्ता है।

### निर्वाचन आयोग ने तय की चुनावी खर्च की सीमा

# लोकसभा चुनावों में 95 लाख तक खर्च कर पाएगा प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी लोकसभा चुनावों में भाग्य आजमाने वाले प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन आयोग ने चुनावी खर्च की सीमा तय कर दी है। कोई भी अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक इन चुनावों में खर्च कर सकेगा। इसके लिए संबंधित प्रत्याशी को बैंक में पृथक से एक एकाउन्ट खुलवाना होगा एवं इसका संपूर्ण हिसाब भी रखना होगा। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार निवार्चन व्यय के संबंध में अभ्यर्थी को एक रजिस्टर मेन्टेन करते हुए दैनिक व्यय लेखा का पूरा हिसाब रखना होगा। सभी बैनर, पोस्टर, पम्प्लेट चाहे वे नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के पहले मुद्रित, प्रकाशित किए गए हों, किन्तु वह भी संबंधित अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे।

#### अभ्यर्थियों को देनी होगी आपराधिक प्रकरणों की जानकारी

लोकसभा निवार्चन के संबंध में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अधिकतम चार फार्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ एक शपथ-पत्र भी देना होगा। इस शपथ-पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी, ताकि मतदाता ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सके। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र निवार्चन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही राजनैतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उम्मीदवार के चयन का आधार बताते हुए तीन अलग-अलग तारीखों में उद्धघोषणा भी प्रकाशित करानी होगी।




## सीएमओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**खुजनेर।** लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा नगर के समस्त मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए रैंप , विद्युत तथा अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया जिससे मतदाताओं को मतदान करने में असुविधा उत्पन्न न हो साथ ही मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने के लिए भी अपील की मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि अन्तर्गत नगर में विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा मतदान के लिए जागरूकता फैलाई जाएगी। इस अवसर पर आर आई रामप्रसाद यादव, भूपेन्द्र लोहिया, जगदीश यादव उपस्थित रहे।

### एडवोकेट रामेश्वर दयाल तिवारी ने की मांग

# पुराना तहसील भवन यथावत रखने और टीन शेड हटाकर सीमेंट छत करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर की मजबूत धरोहर होल्कर समय का बना तहसील भवन यथावत रखने एवं उस भवन को नवीन रूप देने के लिए भवन की टीन शेड हटाकर सीमेंट छत निर्माण की जाना चाहिए। ऐसी मांग एडवोकेट रामेश्वर दयाल तिवारी ने की। नगर में होल्कर स्टेट के समय का पुराना तहसील भवन सन 1929 का बस स्टैंड के पीछे बना हुआ है एवं उसी समय कोर्ट बिल्डिंग हायर सेकंडरी स्कूल के पास बनी हुई है।



उक्त दोनों तहसील भवन एवं कोर्ट बिल्डिंग वर्तमान समय में भी नगर की कीमती धरोहर होल्कर समय से है जो अपने आप मजबुती को दर्शाती है। वर्तमान समय के शासकीय भवनों से अधिक मजबूत हैं।क्योंकि अक्सर देखने में आता है नवीन शासकीय भवनों की छतों से अल्प समय में पानी टपकने लग जाता है उनका प्लास्टर उखड़ जाता है। जबकि होल्कर स्टेट के समय बने हुए उक्त दोनों भवन आज भी मजबूत दिखते हैं। एडवोकेट तिवारी ने बताया कि जन चर्चा में सुनने में आया है कि पुराने तहसील भवन को तोड़ा (गिराया) जाने वाला है। जबकि इस पुराने तहसील भवन की छत लोहे की चद्दरों की बनी है। इसकी दीवारें आज भी बहुत मजबूत है जो कि ऐरन - पत्थर की बनी है। ऐसा मजबूत भवन आज बनना असंभव है। इसलिए चाहिए कि इस पुराने तहसील भवन को यथावत सुरक्षित रखा जाए। इसके कमरों में लगे हुए दरवाजे लकड़ी आदि मजबूत एवं लोहे की तरह ठोस है, उनमें ना तो कीड़ा लगा है ना सड़े हैं। छत की चद्दरें भी नहीं सड़ी है। ऐसा पुराने तहसील भवन जैसा मजबूत भवन फिर से बनाया जाना पूर्णतया असंभव है। आज के अनुसार ही नया भवन बनाया भी जाता है तो कम से कम शासन का करोड़ों रूपया खर्च होगा। इसलिए सबसे उत्तम यही है कि उक्त भवन की चद्दरें एवं प्लास्टर निकाल कर नई छत बनाकर इस बिल्डिंग का प्लास्टर कर दिया जाए एक ऐतिहासिक बिल्डिंग भी बरकरार रहेगी। साथ ही शासन को भी चाहिए कि शासन उक्त मजबूत बने हुए ऐतिहासिक भवन का संरक्षण करे एवं इसी को नया स्वरूप प्रदान करे।

# संकट मोचन और खेड़ापति मंदिर की चोरियों का नहीं लगा सुराग

### शिवरात्रि के पूर्व की रात्रि हुई थी दोनों घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब एक पखवाड़े पहले शिवरात्रि की रात्रि की मुख्यालय के दो प्रसिद्ध मंदिरों में चोरों ने वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों मामले में मौका-मुआयना करने के उपरान्त अज्ञात बदमाशों पर चोरी की एफआईआर दर्ज कर मामला विवेचना में लिया था। लेकिन दोनों घटनाओं को 10 दिवस बीत जाने के बाद भी पुलिस खाली हाथ ही हैं।


डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंची
राजगढ़ के दो हनुमान मंदिरों में चोरी, दानपेटियों के तोड़े ताले
हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़
पावन पत्र की रात्रि में ही बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। दोनों चोरियां राजगढ़ के दो प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों में हुई हैं। अज्ञात चोरों ने रात्रि के समय मंदिर की दानपेटियों के ताले तोड़कर पूरा चढ़ावा चुरा लिया। इसके साथ ही मंदिरों के अन्य सामानों की चोरी कर डाली।
सुबह जब मंदिरों में भक्तजन, पुजारी व अन्य पहुंचे तब ताले टूटे देखकर सभी के होश उड़ गए। दोनों घटनाओं की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट एवं डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी भी खंगाल रही है।
खेड़ापति मंदिर का साउंड सिस्टम भी चुराया
नेवज नदी के बड़े पुलिया के समीप खेड़ापति हनुमान मंदिर है। मंदिर की बड़ी दानपेटी का ताला रात्रि में बदमाशों ने तोड़ा। इसके साथ ही सब्बल या लोहे के अन्य नुकीले

खेड़ापति हनुमान और संकटमोचन मंदिर में हुई वारदात
सामान से दानपेटी के लॉक तोड़कर पूरी दानराशि चुरा लिया। मंदिर के समीप ही एक कमरे का ताला तोड़कर वहां रखे साउन्ड सिस्टम व अन्य छोटे-मोटे सामान चोर चुरा ले गए।
संकटमोचन मंदिर को भी बनाया निशाना
नगर के संकट मोचन मंदिर में भी दानपेटी का ताला चटकाया गया है। चोर यहां से एक बड़ा साउन्ड सिस्टम व अलमारी के ताले तोड़कर बहुत सा सामान चुराकर ले गए। मंदिर समिति के लोकेश दुबे, कैलाश मौर्य, पुजारी बैरागी की सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। अंदेशा है कि एक ही गिरोह ने दोनों वारदातों को अंजाम दिया है।

वारदात कारित करने वालों के बारे में कुछ खास पता नहीं लग पाया है। हालांकि, पुलिस अपने मुखबिर तंत्र सहित अन्य माध्यमों से चोरी का सुराग लगाने में जुटी हुई है लेकिन अभी तक कोई खास सफलता हाथ नहीं लग पाई है। मंदिर कमेटी के लोगों ने पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि चोरी का जल्द पता लगाया जाए। इस बारे में थाना प्रभारी वीरसिंह का कहना है कि चोरी की वारदात वाले दोनों ही मंदिर सुनसान वाले एरिए में हैं जहां आसपास सीसीटीवी भी नहीं है। ऐसे में पड़ताल करने में समय लग रहा है लेकिन उनकी तलाश जारी है।

#### पूर्व में भी हो चुकी हैं मंदिरों में चोरियां

आपको बतादें कि उक्त दोनों मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं के अलावा भी पूर्व में खोयरी महादेव मंदिर, बाड़िया रोड स्थित हनुमान मंदिर, नजर बाग हनुमान मंदिरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। महीनों बीत जाने के बाद भी इन तीनों चोरियों के संबंध में पुलिस के हाथ कुछ खास सुराग अभी तक नहीं लग पाए हैं।

### इंदरसिंह लववंशी नियुक्त

# विधायक प्रतिनिधि नियुक्त के बाद समाज ने माना आभार




**ब्यावरा।** विगत दिवस राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ब्यावरा जनपद वार्ड क्रमांक-19 के जनपद सदस्य और लोधा लववंशी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी को जनपद पंचायत ब्यावरा में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया था। इसके उपलक्ष्य में राज्य मंत्री पवार का लोधा लोधी समाज के प्रमुख वरिष्ठ जनों युवा साथियों ने प्रदेश अध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी के नेतृत्व में उनके निवास पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया। आभार स्वरूप उन्हें साल श्रीफल पगड़ी बांधकर मिठाई खिलाकर वीरांगना महारानी अवंती बाई की तस्वीर भेंट की और पवार साहब का आभार जताया। इस आभार कार्यक्रम में लोधा समाज के जिला अध्यक्ष रोड कंवर , ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रसाद लववंशी, ज्वाला प्रसाद लववंशी ,शिवनारायण लववंशी , करणसिंह सैकड़ो की संख्या में समाज जन उपस्थित हुए और सभी ने मान्य राज्य मंत्री का आभार जताया।

### सड़क किनारे खुदे गड्ढों से हो सकता है बड़ा हादसा

# अधूरे सोल्डर छोड़ गायब हुआ ठेकेदार, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

**जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली हराना से पाटक्या सड़क लोनिवि द्वारा बनाई गई। जो हराना गांव से दो किलोमीटर दूर दो वर्ष पूर्व की तेज बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो थी। मार्ग पर तेज पानी के बहाव से सड़क के एक और करीब दस फीट गहरी खाई बन गई। जिससे सड़क के अंदर के हिस्से में करीब दो तीन फीट जगह खाली हो गई।**

आलम यह है कि यहां सड़क जिला मुख्यालय और दूसरी ओर तहसील मुख्यालय सारंगपुर को जोड़ती है। इस सड़क से ही ग्रामीण जिला मुख्यालय व ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, बैलगाड़ी और स्कूल वाहन गुजरते हैं। सड़क के किनारे वाले हिस्से की मिट्टी बहने से कभी भी सड़क धंस सकती है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग द्वारा गत वर्ष सड़क की दोनों सड़क किनारे का सोल्डर ओर डामरीकरण का टैंडर हो गया लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी विभाग के ठेकेदार ने उक्त सड़क का सोल्डर और डामरीकरण का कार्य पूरा नहीं किया। समय रहते मार्ग की मरम्मत नहीं की गई तो निकट भविष्य में दुर्घटनाओं के साथ ही आवागमन भी बाधित होने की संभावनाएं है।



#### अवैध उत्खनन की खबर छपने के बाद अधूरा कार्य छोड़कर गायब हुआ ठेकेदार

लोक निर्माण विभाग द्वारा हराना से पाटक्या गांव तक की 7 किलोमीटर लम्बी सड़क का पिछले वर्ष टैंडर ठेकेदार को होने के बाद सड़क का सोल्डर का काम शुरू किया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से मुरम का खनन किया जा रहा था जिससे शासन को आर्थिक नुकसान हो रहा था। जिसकी खबर प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने के बाद से ही ठेकेदार ने आधा अधूरा सोल्डर और डामरीकरण कार्य छोड़कर चला गया जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### रात को नहीं दिखाई देती खंती

डामर का निचला स्थल खाली होने से रात के अंधेरे में वाहन चालकों को सड़क किनारे बनी खंती दिखाई नहीं देती है। जिससे रोज राहगीरों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। सरपंच शिवनारायण बंदेला,ग्रामीण देवसिंह मंडलौई, पूनमचंद नागर, बद्रीलाल बुंदेला, रामविलाश पटेल,हरिनारायण नागर, जयनारायण नागर, लक्ष्मी नारायण चैधरी, रामबाबू मंडलौई, मोहनलाल राव आदि ने लोनिवि से ठेकेदार द्वारा आधा अधूरा कार्य को बरसात के पहले मुरम डालकर डामरीकरण करने की मांग की।

#### इनका कहना है...

ठेकेदार ने जितना कार्य किया है उतना ही भुगतान किया है।
**दीपक कुमार उपाध्याय,** एसडीओ पीडब्ल्यूडी विभाग सारंगपुर।